MUNICIPAL COMMITTEE ATELI MANDI

Distt. Mahendergarh, (Haryana) Pin – 123021 Email –secy-atelimandi@ulbharyana.gov.in

सेवा में,

1. श्री जितिन अग्रवाल, पूर्व प्रधान वार्ड नं0 06, अटेली मण्डी।
2. श्रीमति स्नेहलता देवी, पूर्व उप प्रधान वार्ड नं0 05, अटेली मण्डी।
3. श्री संजय गोयल, पूर्व पार्षद वार्ड नं0 04, अटेली मण्डी।
4. श्री हितेश मूदगिल, पूर्व पार्षद वार्ड नं0 07, अटेली मण्डी।
5. श्री जितेन्द्र सिंघल, पूर्व पार्षद वार्ड नं0 08, अटेली मण्डी।
6. श्रीमति शिवानी गर्ग, पूर्व पार्षद वार्ड नं0 09, अटेली मण्डी।

पत्र कमांक 1208-1213 दिनांक 19/12/2024

विषय: **Regarding Property Certificate to the occupiers of the properties falling under the Abadi Deh/Lal Dora of Municipal Areas.**

उपरोक्त विषय पर निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा, पचंकुला के पत्र कमांक DULB/DMC-HQ-2024/142 दिनांक 12.03.2024 के संदर्भ में (प्रति सलंग्न)।

आपको अवगत कराया जाता है कि संदर्भित पत्रों की पालना मे नगर पालिका, अटेली मण्डी सीमा के लाल डोरा एरिया में सभी सम्पति धारकों को property Certificate दिए जाने है। उपरोक्त पत्रों में दिए गए दिशा निर्देशों की अनुपालना में लाल डोरा में स्थित सभी सम्पतियों की एन0 डी0 सी0 पोर्टल पर उपलब्ध विवरण की सूची इस कार्यालय द्वारा अटेली मण्डी की वेब साईट पर अपलोड की जा चुकी है। जिसे आमजन द्वारा देखा जा सकता है व यदि किसी व्यक्ति को किसी सम्पति के विवरण में कोई आपत्ति है तो वह अपना दावा/आपत्ति नगर पालिका कार्यालय में 15 दिन के अदंर सम्बन्धित दस्तावेजों सहित दर्ज करवा सकता है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप इस सम्बन्ध में आपके सम्बन्धित वार्ड में आमजन को जागरूक करने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त आपके वार्ड के लाल डोरा से सम्बन्धित सम्पतियों की विवरण सहित सूची (एन0डी0सी0 पोर्टल अनुसार) इस पत्र के साथ सलंग्न करके आपकी सेवा में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित है। आमजन से प्राप्त होने वाले दावे, आपत्तियों की सूचना आपको 15 दिनों बाद उपलब्ध करा दी जाऐगी। आपके संज्ञान में यह भी लाया जाता है कि पोर्टल/वेबसाईट सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए आप कार्यालय में श्री मनिष यादव, कनिष्ट अभियंता, श्री कपिल कुमार, लिपिक व श्री अंकित यादव, लिपिक से कार्यदिवस के दौरान सम्पर्क कर सकते है।

सचिव,
नगर पालिका, अटेली मण्डी।

पृ0 कमांकः– 1214 दिनांकः– 19/12/2024

उक्त की एक–एक प्रति निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ प्रषित है।

1. जिला नगर आयुक्त, महेन्द्रगढ स्थित नारनौल।

सचिव,
नगर पालिका, अटेली मण्डी।